03
शहीद ऊधम सिंह के जीवन से प्रेरणा ले युवा पीढ़ी : ईश्वर सिंह

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04
पीएम द्वारा उठाया कदम बहुत ही सराहनीय : डॉ. पीएन अरोड़ा

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, सोमवार, 27 दिसंबर 2021 | **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र** | शक संवत 1442, मार्गशीष कृष्ण पक्ष नवमी, मूल्य, 2.00 रुपए

खबर एक्सप्रेस

अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

बल्लभगढ़ । अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ प्रांगण में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण के तीनों संभागों के सभी विभागों द्वारा अलग-अलग अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। यह आयोजन कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य डॉ कृष्णकांत ने अपने वक्तव्य के माध्यम से बताया कि इस तरह की बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों के अभिभावकों व शिक्षकों के मध्य दूरी को कम कर दोनों के बीच समुचित संवाद स्थापित करना है। जिन विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति कम है और जिन विद्यार्थियों का कक्षा परिणाम अच्छा नही रहा उनके अभिभावकों को सूचित किया गया ताकि आने वाली मुख्य परीक्षा में तो अच्छा प्रदर्शन कर सके। अभिभावकों ने महाविद्यालय के इस कदम की सराहना की व प्रसन्नता भी व्यक्त की और अपने बहुमूल्य सुझाव भी सांझे किये। कार्यक्रम के संयोजक डॉ केएल कौशिक ने अभिभावकों और छात्रों को भी संबोधित किया। कार्यक्रम में 150 से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया।